Government of India

# Media Scanning & Verification Cell

**Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.**

| Alert ID | Publication Date | Reporting Date | Place Name | News Source/Publication Language |
|---|---|---|---|---|
| **6787** | 16.06.2022 | 23.06.2022 | Rewa<br>Madhya Pradesh | www.madhyapradeshsamachar.in/Hindi<br>https://madhyapradeshsamachar.in/tag/vomiting-and-diarrhea-havoc-in-rewa-district-25-people-from-four-villages-fall-ill/ |
| Title: | **25 People from four villages fell ill and four die due to diarrhoea and vomiting in Rewa district, Madhya Pradesh** | | | |
| Action By CSU, IDSP –NCDC | Information communicated to DSU – Rewa, SSU- Madhya Pradesh | | | |

रीवा जिले के सिरमौर ब्लॉक के गांवों में उल्टी-दस्त का कहर जारी है। माड़ौ आदिवासी बस्ती में कहर बरपाने के बाद हैजा आसपास के गांवों तक पहुंच चुका है। सूत्रों की मानें तो तिलखन, हिनौता व सौर 568 गांव में उल्टी-दस्त से 25 से ज्यादा लोग बीमार है। जिसमे आधा दर्जन लोग रीवा के निजी अस्पताल में उपचार ले रहे है।

वहीं दो दर्जन से ज्यादा मरीजों को सिविल अस्पताल सिरमौर में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। हालांकि संजय गांधी अस्पताल रीवा में इलाज कराने गई तिलखन गांव की एक महिला की मायके में मंगलवार की रात मौत होने से जिलेभर में हड़ंकप मच गया है। अब तक मरने वालों का आंकड़ा चार हो गया है।

**इनकी हो चुकी है मात**

सिरमौर बीएमओ डॉ. प्रशांत शुक्ला ने बताया कि 10 जून को आकाश कोल (05) निवासी माड़ौ आदिवासी बस्ती की एसजीएमएच में उल्टी-दस्त के बाद मौत हो गई थी। जबकि 11 जून को कुशुम कली (80) और 12 जून को सुगनी कोल (85) माड़ौ आदिवासी बस्ती की गांव में बुढ़ापे के कारण नेजुरल से प्राण निकल गए थे। इसी तरह उल्टी-दस्त के बाद रीवा के एसजीएमएच इलाज कराने गई सुशीला कोल पति राजदूत कोल (28) निवासी तिलखन स्वस्थ्य होने के बाद कंसरिया गांव मायके चली गई। लेकिन 14 जून को सुशीला कोल ने दमतोड़ दिया है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

**Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.**

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

**माड़ौ में राहत, तिलखन, हिनौता व सौर ने बढ़ाई टेंशन**
स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि माड़ौ गांव में अब राहत है। जबकि तिलखन गांव में आठ मरीज सामने आए है। जिसमे पूजा कोल, छोटी कोल, महल कोल, सरस्वती कोल, दिलीप कोल, रामाश्रय कोल, अर्जुन कोल और अंश कोल में उल्टी दस्त के लक्षण मिले है। वहीं हिनौता गांव में 12 मरीज सामने आए है। जिसमे अजीत कोल, सुकवरिया कोल, संगीता रावत, मोहिनी कोल, साक्षी कोल, लीलावती कोल, ओम कोल आदि में लक्षण मिले है। जबकि सौन 568 गांव और बेलौधा गांव में कुछ केस मिले है।

**स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात**
चारों गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच सदस्यीय टीम तैनात कर दी गई है। जो एक सप्ताह तक गांव में कैंप लगाकर निगरानी करेगी। यदि किसी को कोई समस्या होगी तो तत्काल एंबुलेंस की मदद से सिरमौर अस्पताल में दाखिल कराया जाएगा। साथ ही आदिवासी बस्ती के कुएं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर पानी का सैंपल भेजा गया है। सभी को ताजा भोजन करने की सलाह दी गई है। दावा है कि ज्यादातर लोग खान पान में ध्यान नहीं दे रहे है। इसलिए पानी उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है।